अप्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 10.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. विधानमंडल बजट सत्र के दूसरे दिन विधानसभा में दिवंगत विधायकों के निधन पर जताया गया शोक : वित्त मंत्री सुरेश खन्ना कल पेश करेंगे बजट।
2. विधान परिषद में उपमुख्यमंत्री केशव मौर्या ने कहा– भर्ती प्रक्रियाओं में आरक्षण नियमों का पूरी तरह पालन कर रही है सरकार।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाराबंकी में आज एक धार्मिक कार्यक्रम में हुए शामिल : कहा–एससीआर के जरिये युवाओं को उपलब्ध कराये जा रहे हैं रोजगार के अवसर।

और

4. राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर प्रदेशभर में चलाया गया विशेष अभियान : स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों को खिलाई गई दवा।

———————————

विधान मंडल के बजट सत्र के दौरान कल विधानसभा में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना बजट पेश करेंगे। इससे पहले आज विधानसभा में वर्तमान विधानसभा के दो सदस्यों प्रोफ़ेसर श्याम बिहारी लाल और विजय सिंह गोंड के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत सभी दलीय

नेताओं ने दो मिनट मौन रखकर संवेदनाएं व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल के बारे में कहा कि वे एक मिलनसार और जमीन से जुड़े नेता के रूप में जाने जाते थे। उन्होंने अपने क्षेत्र में गरीब वंचितों पिछड़ों के विकास के कई काम किए। बाइट......

*प्रोफेसर श्याम बिहारी लाल का व्यक्तित्व एक मिलनसार शिक्षित और जमीन से जुड़े हुए नेता के रूप में था जो समाज के सभी तबकों के लिए विशेषकर पिछड़ों, वंचितों और गरीबों के कल्याण के लिए वे निरंतर समर्पित रहे।*

वहीं विधान परिषद में आज समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने प्रदेश में आरक्षण के नियमों का पालन और भर्तियों म भ्रष्टाचार के संबंध में सूचना दी।

सरकार की ओर से जवाब देते हुए नेता सदन और उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि संविधान में अनुमन्य आरक्षण को लेकर सरकार पूरी तरह से कृत संकल्पित है। आरक्षण में न तो कटौती हुयी है और ना ही होगी। बाइट.....

*कई बार कुछ विसंगतियां ऐसी आई है जो नहीं आनी चाहिए थी। सदन को और पूरे प्रदेश की जनता को आश्वस्त करना चाहता हूं कि हमारी सरकार 27ः अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 21ः अनुसूचित जाति के लिए 2ः अनुसूचित जनजाति के लिए और 10ः सामान्य वर्ग के गरीबों के लिए जो आरक्षण है ये सुनिश्चित कराने का संकल्प दोहराती है। इसमें कोई गड़बड़ी नहीं।*

————————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बाराबंकी में धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हुए। इस मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के लिए खेल सुविधाओं में लगातार इजाफा कर रही है। उन्होंने कहा कि बाराबंकी को एससीआर में शामिल कर यहां विकास के कार्य किए जा रहे है अब यहां के नौजवानों को रोजगार के लिए पलायन नहीं करना पड़ेगा। बाइट.....

*स्टेट कैपिटल रीजन एससीआर के अंतर्गत हम लोगों ने बाराबंकी जनपद को लिया है। बड़े विकास के कार्यक्रमों को हम आगे बढ़ा रहे हैं। बाराबंकी का नौजवान रोजगार और नौकरी के लिए बाराबंकी के बाहर नहीं जाएगा बाराबंकी में उसे रोजगार मिलेगा। यहाँ के सतीश शर्मा जी ने सुरेश राई जी ने यहाँ के जनप्रतिनिधियों ने जो प्रस्ताव दिया था राम स्नेही घाट के पास हमारा एक बहुत बड़ा औद्योगिक क्षेत्र खड़ा होने जा रहा है। उद्योग यही लगेंगे।*

———————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज बस्ती में भारत सरकार को स्माइल योजना के तहत ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए नवनिर्मित गरिमा गृह का उद्‌घाटन किया। उन्होंने परिसर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए केंद्र और राज्य सरकार कई योजनाएं चला रही है जिससे वे गरिमा के साथ समाज में आगे बढ़ सकें। बाइट...

*जो ट्रांसजेंडर के लिए भारत सरकार ने खास कर नरेंद्र भाई मोदी ने उसकी ओर देखा, समझा, सोचा और सबसे पहले तो नीतियां बनाई और इन*

*नीतियां बनाने के बाद काम करने के लिए बजट दिया और इसमें राज्य सरकारें भी और केंद्र सरकार दोनों मिलकर अब ये काम शुरू हुआ है।*

—————————

उच्चतम न्यायालय ने आज केंद्र सरकार से देश के विभिन्न हिस्सों से बच्चों के लापता होने की घटनाओं के पीछे किसी राष्ट्रव्यापी नेटवर्क या राज्य विशिष्ट समूह की मौजूदगी का पता लगाने को कहा है। न्यायमूर्ति बीवी नागरतना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुयान की पीठ ने कहा कि यह पता लगाना जरूरी है कि इन घटनाओं के पीछे कोई समानता है या ये आकस्मिक घटनाएं हैं। शीर्ष अदालत ने केंद्र सरकार को सभी राज्यों से आंकड़े एकत्र करने को कहा है।

—————————

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। यहां टर्मिनल बिल्डिंग से लेकर एयरपोर्ट सर्विलांस रडार और नेविगेशन सिस्टम तक हर प्रकार के उपकरण की व्यवस्था हो चुकी है। प्रदेश के मुख्य सचिव एसपी गोयल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एयरपोर्ट के कार्य प्रगति का वीडियो साझा किया है। उन्होंने जानकारी दी कि अब सिर्फ एयरोड्रम लाइसंस से संबंधित औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं।

—————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

केन्द्रीय पर्यटन मंत्रालय ने रामायण सर्किट, बौद्ध सर्किट और अन्य विशेष सर्किट के लिये 2014—15 से अब तक पांच हजार 290 करोड़ से अधिक रुपये की 76 परियोजनाओं को मंजूरी दी है। केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखवात ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। बौद्ध सर्किट के तहत श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास और रामायण सर्किट के तहत अयोध्या, चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास शामिल है।

————————

नोएडा के गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय में आज भारत बोध संवाद श्रृंखला 2025—26 के अन्तर्गत सौ सत्रों के राष्ट्रीय संवाद कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री सरबानंद सोनोवाल ने कहा कि हमारे पूर्वजों ने भारत के

विकास में असाधारण योगदान दिया है। भगवान राम से आज की पीढ़ी बहुत कुछ सीख सकती है।

———————————

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर आज प्रदेशभर एक से उन्नीस वर्ष आयु के बच्चों और किशोरों को एल्बैंडाज़ोल टैबलेट खिलाई जा रही है। इसी क्रम में कानपुर देहात, औरैया, हमीरपुर समेत कई जिलो में दवा दी गई। मेरठ मं अभियान की शुरुआत करते हुए सीएमओ डॉक्टर अशोक कटारिया ने कहा कि जिले में 17 लाख बच्चों को ये गोली खिलाई जाएगी। बाइट......

*पूरे जनपद में लगभग 17, 00, 000 बच्चों को ये दवाई खिलाई जायेगी और जो बच्चे को छूट जाएंगे उनको 13 तारीख को छूटे हुए बच्चों को खिलवाएगा। ये दवाई पूरी तरह से सुरक्षित है। इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है और जो बच्चों के पेट में कीड़े होते हैं उनको ये मारने में सहायक होती है जिससे बच्चे हमारे स्वस्थ रहे और उनमें खून की कमी या अन्य रोग न पनप पाए।*

———————————

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने इंटरमीडिएट प्रैक्टिकल परीक्षा 2026 की अंतिम तारीख बढ़ाकर 13 फरवरी कर दी है। पहले चरण की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 24 जनवरी से 1 फरवरी तक और दूसरे चरण की परीक्षाएं 2 फरवरी से 9 फरवरी तक आयोजित की जानी थीं।

———————————

आगामी महाशिवरात्रि पर्व पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। वाराणसी के अपर पुलिस आयुक्त कानून–व्यवस्था शिव हरी मीणा ने बताया कि सुरक्षा से जुड़े कई अहम निर्णय लिए गए हैं। वहीं जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि महाशिवरात्रि में इस बार 15 से 20 लाख श्रद्धालुओं के आने की उम्मीद है इसके मद्देनजर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। बाइट.....

*इन सभी व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई है और सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाये।इसके लिए जो है प्लानिंग की गई है। इसके अतिरिक्त वाराणसी में जो अन्य महत्वपूर्ण मंदिर हैं जैसे मार्कण्डेय महादेव का मंदिर है। कैथी में वहां पर भी 2, 00, 000 से ज्यादा लोग जो है वो महाशिवरात्रि के दिन भगवान के दर्शन करते हैं। वहां पर भी बैठक की गई है। सभी तैयारियां देखी गई है। वहां पर भी बैरिकेडिंग की जो व्यवस्था होगी, जो घाट पर स्नान की व्यवस्थाएं होंगी। उन सब चीजों को सुनिश्चित कराया जा रहा है।*

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर लखनऊ पुलिस और जिला प्रशासन ने कड़े इंतजाम शुरू कर दिए हैं। आज जिलाधिकारी विशाख जी, संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था बबलू कुमार ने डालीगंज के मनकामेश्वर मंदिर और पारा के बुद्धेश्वर मंदिर का निरीक्षण किया । वहीं बाराबंकी में महादेवा शिवरात्रि की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने लोधेश्वर महादेवाधाम का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुव्यवस्था प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

———————————

भारत और पाकिस्तान के बीच आईसीसी मेन्स टी–20 वर्ल्ड कप 2026 का मुकाबला 15 फरवरी को तय कार्यक्रम के अनुसार खेला जाएगा। पाकिस्तान सरकार ने कल औपचारिक रूप से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को यह मैच खेलने की अनुमति दे दी है।

————————————

प्रदेश में धीरे धीरे तापमान में बढ़ोत्तरी होने के चलते लोगों को ठंड से राहत मिलने लगी है। मौसम विभाग ने अगले तीन दिनों तक मौसम शुष्क रहने की संभावना जताई है।

(समाप्त)